संघ लोक सेवा आयोग

प्रेस नोट

<u>सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2019</u>

******

दिनांक 30 अप्रैल, 2019

संघ लोक सेवा आयोग दिनांक 02.06.2019 (रविवार) को देशभर में सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2019 आयोजित करेगा। आयोग ने प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अपनी वेबसाइट (http://www.upsc.gov.in) पर ई-प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और उसका प्रिंट आउट ले लें।सिविल सेवा परीक्षा, 2019 के अंतिम परिणाम घोषित किए जाने तक प्रवेश पत्र संभाल कर रखें। <u>इस परीक्षा के लिए पेपर प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा</u>।

प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों को उन्हें आबंटित परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए अपने ई-प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट प्रस्तुत करना होगा। उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि परीक्षा के प्रत्येक सत्र में भाग लेने के लिए ई- प्रवेश पत्र में उल्लिखित नम्बर का फोटो आई डी कार्ड अपने साथ ले कर आएं।

यदि ई-प्रवेश पत्र पर फोटो स्पष्ट नहीं है, धुंधली है या उपलब्ध नहीं है, तब उम्मीदवारों को परीक्षा-स्थल पर परीक्षा देने के लिए पहचान पत्र और ई-प्रवेश पत्र के प्रिंटआउट सहित **दो (2) समरूप फोटोग्राफ (प्रत्येक सत्र के लिए एक-एक फोटो)** तथा परिवचन साथ लाना होगा।

ई-प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की विसंगति के मामले में, आयोग को तत्काल ई-मेल के माध्यम से (ई-मेल आईडी uscsp-upsc@nic.in) सूचित किया जाए, ताकि ऐसे मामले में निर्णय लिया जा सके।

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंतिम समय की हड़बड़ी से बचने के लिए पर्याप्त समय रहते ही ई-प्रवेश पत्र का प्रिंटआउट निकाल लें। "उम्मीदवारों हेतु महत्वपूर्ण अनुदेशों" को उम्मीदवारों द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ लिया जाए।

<u>यह भी नोट कर लिया जाए कि परीक्षा स्थल पर प्रवेश, परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 10 मिनट पहले, अर्थात् पूर्वाहन सत्र के लिए प्रात: 09:20 बजे तथा अपराहन सत्र के लिए अपराहन 02:20 बजे बंद कर दिया जाएगा। प्रवेश बंद होने के बाद किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।</u>

उम्मीदवारों को यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि उन्हें उनके ई-प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा स्थल के अलावा किसी अन्य परीक्षा स्थल पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उम्मीदवारों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने साथ काला बॉल पॉइंट पेन लेकर आएं क्योंकि उम्मीदवारों द्वारा ओएमआर उत्तर पत्रक और उपस्थिति सूची केवल काले बॉल पॉइंट पेन से ही भरने हैं।

परीक्षा कक्ष / हॉल के अंदर उम्मीदवारों द्वारा सामान्य या साधारण कलाई घड़ियों का उपयोग करने की अनुमति है। तथापि, किसी विशेष एक्सेसरी लगी घड़ियां, जिनका संचार उपकरण या स्मार्ट घड़ियों के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है, पूरी तरह निषिद्ध हैं। उम्मीदवारों को परीक्षा कक्ष / हॉल में ऐसी घड़ियां लाने की अनुमति नहीं है।

मोबाइल फोन (यहां तक कि स्विच ऑफ मोड में भी), पेजर या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रोग्राम किए जाने योग्य डिवाइस अथवा स्टोरेज मीडिया जैसे पेन ड्राइव, स्मार्ट वॉच आदि अथवा कैमरा या ब्लूटूथ उपकरण अथवा कोई अन्य उपकरण अथवा संबंधित एक्सेसरीज चालू अथवा स्विच ऑफ मोड में, जिनका परीक्षा के दौरान संचार उपकरण के रूप में प्रयोग किया जा सकता है और कैलकुलेटर परीक्षा भवन में प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन किए जाने पर, भविष्य की परीक्षाओं/ चयन से विवर्जन समेत, संबंधित उम्मीदवारों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

कीमती/ महंगे सामान तथा बैग भी परीक्षा स्थल के अंदर लाने की अनुमति नहीं है।

संघ लोक सेवा आयोग

नई दिल्ली-110069 दिनांक 30 अप्रैल, 2019